कसार घाट के पैदल मार्च और वाहन जत्थों का नेतृत्व एआईकेएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक ढ़ावले; इसके प्रदेश अध्यक्ष किशन गुर्जर और महासचिव डॉ० अजीत नावले; सुनील मालुसरे, बारक्या मंगत, रतन बुधर, राधका कलंगडा, सावलिराम पवार, सुभाष चौधरी, दादा रायपुरे, अर्जुन आदेय, शंकर सिदाम, उद्धव पॉल, उमेश देशमुख, उदय नारकर और माणिक अवगडे सहित अन्य राज्य पदाधिकारी; सीटू राज्य सचिव और सीपीआई (एम) विधायक विनोद निकोले; एडवा की राष्ट्रीय महासचिव मरियम ढ़ावले और इसकी राज्य महासचिव प्राची हटीवलेकर; खेत मजदूर यूनियन (एआईएडब्ल्ययू) की प्रदेश अध्यक्ष मारोती खंडारे; डीवाईएफआई की राज्य महासचिव प्रीति शेखर; एसएफआई के प्रदेश अध्यक्ष बालाजी कालेतवाड़ और महासचिव रोहिदास जाधव; और कई अन्य एआईकेएस राज्य काउंसिल के नेता कर रहे थे।

रास्ते में, इगतपुरी और शाहपुर तहसीलों की सैकड़ों सीटू यूनियनों के कारखाना मजदूरों ने अपने किसान भाइयों का गर्मजोशी से फूल बरसा कर स्वागत किया। कल्याण–भिवंडी चौराहे पर, पी के लाली, सुनील चव्हाण, परवीन खान और ज्योति तायडे सहित सीपीआई (एम), सीटू और डीवाईएफआई के नेताओं के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और; अमृत वेला गुरुद्वारा ने भी; मार्च वालों का स्वागत किया और उन्हें हजारों फूड पैकेट प्रदान किए। जत्थों ने मुंबई की सीमा मुलुंड चौक नाका दोपहर में पार किया और विक्रोली के कन्नमवार नगर में सीपीआई (एम), सीटू, डीवाईएफआई और मुंबई के एडवा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया, जिसका नेतृत्व सीपीआई (एम) केंद्रीय समिति के सदस्य महेंद्र सिंह और हेमंत सामंत ने किया। इसके बाद यह आजाद मैदान में पहुँचा, जहां सुबह से एसएसकेएम द्वारा आजाद मैदान में आयोजित संयुक्त धरना संघर्ष में इसका जोरदार स्वागत किया गया।

मुंबई में व्यापक संयुक्त जन सम्मेलन

25 जनवरी को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर, एसएसकेएम द्वारा लगभग 40,000 किसानों, मजदूरों और अन्य सभी कामकाजी तबकों का एक व्यापक संयुक्त राज्य स्तरीय सम्मेलन मुंबई शहर के केंद्र में प्रसिद्ध आजाद मैदान में आयोजन किया गया था। इसमें हजारों महिलाएं और युवा शामिल थे। यह 24 जनवरी से शुरू हुए महापड़ाव के दूसरे दिन था।

इस अधिवेशन का राजनीतिक महत्व यह था कि महाराष्ट्र में कई वर्षों के बाद यह पहली बार था कि भाजपा के विरोध में सभी राजनीतिक और सामाजिक ताकतें एक मंच पर एक साथ आईं।

मुख्य वक्ता पूर्व केंद्रीय मंत्री और एनसीपी प्रमुख शरद पवार, कांग्रेस के राज्य प्रमुख और राज्य के राजस्व मंत्री बालासाहेब थोराट, एआईकेएस के महासचिव हन्नान मोल्लाह और अध्यक्ष डॉ. अशोक ढ़ावले, पीडब्ल्यूपी के महासचिव जयंत पाटिल एमएलसी, प्रसिद्ध पत्रकार पी. साईनाथ, सांप्रदायिकता विरोधी सेनानी तीस्ता सीतलवाड़, शिवसेना नेता राहुल लोंधे, माकपा के राज्य सचिव नरसैया एडम, समाजवादी पार्टी के नेता अबू आसिम आजमी विधायक, भाकपा के राज्य सचिव तुकाराम भास्मे, आप सचिव धनंजय शिंदे, आरपीआई (कावडे) नेता गणेश उन्हावणे, एडवा की राष्ट्रीय महासचिव मरियम ढ़ावले, एआईकेएस के राज्य महासचिव डॉ. अजीत नवाले, सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. विवेक मोंटीएरो, एनएपीएम नेता मेधा पाटकर, मुंबई उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बीजी कोलसे पाटिल, हम भारत के लोग के नेता फिरोज मिथिबोरवाला, एमएफयूसीटीओ के अध्यक्ष तापती मुखोपाध्याय, एनसीपी नेता पूर्व विधायक विद्या चव्हाण, कांग्रेस के मुंबई प्रमुख भाई जगताप विधायक, सर्वहारा जन आन्दोलन नेता उल्का महाजन, काश्तकारी संगठन के नेता ब्रायन लोबो, सत्यशोधक शेतकरी सभा के नेता किशोर धामले और कई अन्य थे। अध्यक्षमंडल में राजू कोर्डे, एस के रेगे, मिलिंद रानाडे और शैलेंद्र कांबले शामिल थे।

शरद पवार ने भाजपा शासन की आलोचना की और तीन कृषि कानूनों की आलोचना की, एक एमएसपी गारंटी कानून पर जोर दिया और चेतावनी दी कि अगर केंद्र सरकार ने किसानों को खत्म करने की कोशिश की, तो उल्टा किसान इसे ही खत्म कर देंगे। बालासाहेब थोराट ने भी कृषि कानूनों के मामले में मोदी सरकार पर हमला बोला और कहा कि राज्य सरकार उनके प्रभाव को समाप्त करने और किसानों की सुरक्षा के लिए विधेयक लाने के बारे में गम्भीरता से सोच रही थी।

हन्नान मोल्लाह ने दिल्ली के चारों ओर दो महीने लंबे ऐतिहासिक किसान संघर्ष का अनुभव बताया और इससे निपटने के दौरान मोदी शासन के सरासर दिवालियापन और पत्थरदिली को उजागर किया। पी. साईनाथ ने इस तथ्य पर जोर दिया कि इन कृषि कानूनों ने न केवल किसानों, बल्कि सभी वर्गों के लोगों पर हमला किया और इस बात को साबित करने के लिए कई उदाहरण दिए। अशोक ढ़ावले ने कृषि कानून और श्रम संहिता के कॉर्पोरेट समर्थक और नव–उदारवादी चरित्र पर हमला किया और मोदी शासन पर देश को बेचने की कोशिश करने का आरोप लगाया। अब यह हमारी कृषि और हमारी भूमि पर निशाना साध रहा था।

सभी वक्ताओं ने मोदी सरकार को उसके कॉरपोरेट–समर्थक कृषि कानूनों और श्रम संहिताओं के लिए झाड़ा और अंबानी और अदानी के साथ भाजपा सरकार दोस्ताना पूँजीवादी ताल्लुकात की कड़ी आलोचना की। कई नेताओं ने इनके उत्पादों और सेवाओं के बहिष्कार को तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने लाभकारी एमएसपी और खरीद की गारंटी देने वाले कानून की भी माँग की।

गवर्नर अनुपस्थित, किसानों ने ज्ञापन फाड़ा

यह विशाल रैली कन्वेंशन के बाद, राजभवन को रवाना हुई। राजभवन पहुँचने पर प्रदर्शनकारियों को यह जानकर गुस्सा आ गया कि एसएसकेएम प्रतिनिधिमंडल को पहले समय देने के बावजूद, राज्यपाल कोश्यारी गोवा भाग गए। एसएसकेएम की एक तत्काल बैठक के बाद, डॉ. अशोक ढ़ावले ने राज्यपाल से मिलने के कार्यक्रम को रद्द करने के सर्वसम्मति से लिये गये फैसले की घोषणा की और उनके लिए तैयार ज्ञापन को सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया। फिर सार्वजनिक बैठक में कृषि कानून और श्रम संहिता के खिलाफ और एमएसपी कानून के लिए संघर्ष को व्यापक और तेज करने के संकल्प के साथ समापन किया गया।

26 जनवरी की सुबह, नासिक जिले की 73 वर्षीय आदिवासी महिला, यमुनाबाई जाधव, जो दो साल पहले एआईकेएस के नेतृत्व वाले नासिक से मुंबई किसान लोंग मार्च में पूरे 200 किलोमीटर की दूरी खुद पैदल चली थी, द्वारा आजाद मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया था। महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर, नाना पटोले एसएसकेएम नेताओं के साथ विशेष रूप से ध्वजारोहण समारोह के लिए उपस्थित रहे।

महाराष्ट्र में 23–26 जनवरी की कार्रवाईयों का राज्य और देशभर में भी व्यापक प्रभाव पड़ा।

केन्द्र सरकार के बजट पर सीटू

1 फरवरी को सीटू ने मोदी सरकार के वित्त मंत्री द्वारा केन्द्र सरकार के संसद में पेश किए गए 2021–2022 के बजट पर निम्न वक्तव्य जारी किया।

केंद्रीय बजट 2021–22

विनाशकारी और साथ ही जनता के कष्टों के प्रति क्रूर असंवेदनशील

केंद्रीय बजट 2021–22 ने निरंतर मेहनतकशों के जनसमूह पर भारी संकट और कष्टों की उसी क्रूर उदासीनता की निरंतरता का प्रदर्शन किया है। हालांकि वित्त मंत्री ने जनता की खपत की माँग में वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करने और उनकी भलाई के उपायों को बढ़ाने के लिए आर्थिक मंदी का मुकाबला करने के लिए पर्याप्त रूप से खर्च बढ़ाने पर जोर दिया, 2021–22 के लिए कुल प्रस्तावित बजटीय खर्च लगभग 2020–21 में (संशोधित अनुमान)के उसी स्तर पर है, जिसका अर्थ है कि वास्तविक संदर्भ में गिरावट है।

जनता की भलाई और आजीविका के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में मंत्री का भव्य बयान, हमेशा की तरह ही है, विशेष रूप से सामाजिक क्षेत्र में मनरेगा, आईसीडीएस, मिड डे मील, नौकरियों और कौशल विकास जैसे कल्याण संबंधी व्यय आदि में वास्तविक आवंटन के साथ मेल नहीं खाता है और मनरेगा के बजट आवंटन में 41% की कटौती की, जो कि सरकार ने वास्तव में पिछले वर्ष 2020–21 में खर्च किया था, हालांकि ग्रामीण बेरोजगारी और रोजगार के छिनने में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। मिड–डे मील के आवंटन में पिछले साल की तुलना में 1400 करोड़ रुपये की कटौती की गई है। आईसीडीएस में, पिछले वर्ष के बजट में आवंटन की तुलना में आवंटन में 30% की कमी की गई है। रोजगार और कौशल विकास में, रोजगार सृजन और रोजगार में सुधार पर मंत्री द्वारा लंबी बातचीत में अंतिम उकसावे के बाद भी पिछले आवंटन की तुलना में अभी के आवंटन में 35% की कटौती की गई है। ऐसे कई अन्य उदाहरण भी हैं। वित्त मंत्री ने 15वें वित्त आयोग की सिफारिश के अनुरूप सरकार की ''प्रायोजित योजनाओं की संख्या में कमी लाने'' का भी संकेत दिया है।

बजटीय कवायद का पूरा जोर कॉरपोरेट्स और बड़े कारोबारियों दोनों विदेशी और देशी, के लिए ''व्यापार करने में आसानी'' को बढ़ावा देने पर रहा, कम्पनी अधिनियम के तहत अपने वैधानिक दायित्वों के अनुपालन के बोझ को कम करने के तरीके से, और प्रत्यक्ष कर के मामले में भी कर मूल्यांकन और अदत्त करों की वसूली, विभिन्न मुद्दों पर कई तरह की छूटों के अलावा है।

महामारी की अवधि के दौरान वित्तीय संकट और कम राजस्व सृजन पर विलाप करते हुए, वित्त मंत्री ने इस प्रक्रिया में 10,57 लाख करोड़ रुपये के अदत्त प्रत्यक्ष करों (कॉरपोरेट और आयकर) के भारी संचय को पुनःप्राप्त करने की आवश्यकता के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा। उनके अंतिम पांच वर्ष का शासन; इसमें से 2.29 लाख करोड़ रुपये का कर बकाया किसी विवाद के तहत नहीं है और अभी तक अप्राप्त है। बेहतर अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए उसी पांच साल की अवधि के दौरान कॉरपोरेट कर की दर में भारी गिरावट आई है। निपुणता के साथ कॉरपोरेटों द्वारा कर चोरी को बढ़ावा देना, मोदी सरकार की ''व्यापार करने की आसानी'' की पहचान बन गया है, जो राष्ट्रीय खजाने की प्रायोजित लूट के लिए समान है।

संक्षेप में पूरे बजटीय अभ्यास और उसमें वर्णित कर प्रशासन और शासन के सुधारों में कॉरपोरेट अधिनियम/श्रम–व्यापार आदि के तहत कम्पनी अधिनियम, श्रम कानून आदि के तहत वैधानिक दायित्वों के गैर–प्रसार को बढ़ावा देने वाले उपायों की एक टिप्पणी है सभी ''व्यवसाय करने में आसानी'' के नाम पर है। एमएसएमई के लिए घोषित रियायतें केवल गैर–परिणामी हैं।

बजट में कई लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रमों के थोक निजीकरण कार्यक्रम के अपने कार्यक्रम को दोहराया गया है, जबकि घाटे वाले सभी पीएसयू को बंद करने की घोषणा की गई है, यहाँ तक कि कोर और रणनीतिक महत्व के क्षेत्र जैसे कि फार्मास्यूटिकल्स, भारी विनिर्माण आदि के मामले में पूरा ध्यान जमीन पर संपत्ति सहित परिसंपत्तियों को बेचने पर है। निजीकरण के साथ मौद्रीकरण के अपने कार्यक्रम के तहत इन सार्वजनिक उपक्रमों, रेलवे, बंदरगाहों आदि का निपटान करना है। राष्ट्रीय संपत्ति की बिक्री के मामले में सरकार बहुत जल्दबाजी में दिखाई देती है। चालू वित्त वर्ष में निजीकरण के माध्यम से 1.75 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है।

यहाँ तक कि रेलवे, शहरी परिवहन, गैस–पाइप लाइनों और बिजली डिस्कॉम क्षेत्र में भी, सरकार द्वारा प्रस्तावित सुधार पीपीपी रास्ते के माध्यम से वस्तुतः निजीकरण ही है। एलआईसी में आईपीओ के माध्यम से बीमा क्षेत्र में एफडीआई को 74% तक बढ़ाना और राष्ट्रीय खजाने से पुर्नपूँजीकरण के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का निजीकरण करना विनाशकारी होने के साथ–साथ विध्वंसक प्रस्ताव भी है, जिसका उद्देश्य वित्तीय क्षेत्र के नियंत्रण को अपने ''न्यूनतम सरकार'' के घोषित कार्यक्रम के तहत निजी हाथों में सौंपना है। महामारी की अवधि के गंभीर अनुभव के बाद भी, सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे को नहीं बख्शा गया है। बजट में सार्वजनिक स्वास्थ्य के बुनियादी ढाँचे को ब्लॉक स्तर तक विस्तारित करने के बारे में बात की गई थी, लेकिन इसका निष्पादन निजी स्वास्थ्य बीमा ऑपरेटरों के माध्यम से पीपीपी रास्ते में होने की उम्मीद है।

आंशिक एवं रद्दी स्टील पर सीमा शुल्क में कटौती से घरेलू इस्पात उद्योग, विशेष रूप से एकीकृत स्टील प्लांट, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र दोनों गंभीर रूप से प्रभावित होने वाले हैं। तथाकथित आत्मनिर्भर परियोजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने की सभी बातें, कोरी खोखली घोषणा के अलावा और कुछ भी नहीं है, जिसका उद्देश्य मूल रूप से देशी–विदेशी कॉरपोरेट क्लास दोनों को बढ़ावा देना है, जो बिना किसी प्रदर्शन और जवाबदेही के राष्ट्रीय खजाने से बाहर हैं। इसी सरकार के शासन के तहत पिछले छह वर्षों से इन्हें भारी रियायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन उत्पादक निवेश या रोजगार सृजन के मामले में इनके द्वारा कुछ भी नही किया गया है। इस बजट के द्वारा भी वही भ्रामक खेल खेला गया है। समग्रता में, सरकार की नीति राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी बनी हुई है। इस पृष्ठभूमि में 2021–22 में 11% वृद्धि का प्रक्षेपण बिना कुछ करे धरे ही केवल शोरशराबा करने जैसा प्रतीत होता है।

वित्त मंत्री का बयान, श्रम संहिता का हवाला देते हुए कि वे सभी के लिए सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा और वैधानिक न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करेंगे, पूरी तरह से सच्चाई से कोसों दूर है। ये लेबर कोड सभी श्रम अधिकारों को समाप्त करने जा रहे हैं, जिसमें सामाजिक सुरक्षा और न्यूनतम वेतन की माँग भी शामिल है और इसीलिए पूरे ट्रेड यूनियन आंदोलन ने इन लेबर कोड्स को बिल्कुल खारिज कर दिया है और उनके समाप्ति की माँग की है।

कृषि पर, एमएसपी पर वित्त मंत्री के सभी लंबे दावों के बावजूद, तथ्य यह है कि एमएसपी शासन केवल 6% फसल को ही कवर करता है और एमएसपी का भुगतान ज्यादातर उत्पादन लागत को कवर नहीं करता है, यह स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के सी2+50% दर के फार्मूले से बहुत नीचे है। और किसानों के निरंतर संघर्ष के कारण वर्तमान क्रूर कृषि कानूनों के क्रियान्वयन के बाद एमएसपी प्रणाली हमारे किसानों के अधिकार के रूप में मौजूद ही नहीं होगी। यही कारण है कि किसान एकजुट होकर कृषि कानूनों को रद्द करने और एमएसपी के वैधानिक प्रावधान और सभी फसलों की सी2+50% फॉर्मूला पर आधारित खरीद की माँग पर अड़े हुए हैं। इस महत्वपूर्ण पहलू पर बजट गैर–उत्तरदायी रहा।

पूरा बजट जनता के लिए कुछ भी प्रदान नहीं करता है, गंभीर बेरोजगारी की स्थिति को दूर करने के लिए कुछ भी नहीं किया, आय और खाद्य सहायता के माध्यम से गंभीर संकट के तहत जनता को कोई प्रत्यक्ष राहत नहीं दी। यह इस बजट के माध्यम से भी उन्हीं जनविरोधी विनाशकारी नीतियों को ही आगे बढ़ाता है जो मेहनतकश जनता द्वारा एकमुश्त निंदा के योग्य है।

सीटू का मुखपत्र

सीटू मजदूर

ग्राहक बनें

- **व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए** – वार्षिक ग्राहक शुल्क – रू0 100/–
- **एजेंसी** – कम से कम पाँच प्रतियों; 25% छूट कमीशन के रूप में;
- **भुगतान** – चेक द्वारा – ''सीटू मजदूर'' जो कैनरा बैंक, डीडीयू मार्ग शाखा, नई दिल्ली–110002 पर देय

  बैंक मनी ट्रांसफर द्वारा – एसबीए/सीन0 0158101019568; आईएफएससी कोड : सीएनआरबी 0000158;
- **संपर्कः** ई मेल/पत्र की सूचना के साथ
  प्रबंधक, सीटू मजदूर, सीटू केन्द्र, बी टी आर भवन,
  13 ए राऊज एवेन्यू, नई दिल्ली–110002; फोनः (011) 23221306
  फैक्सः (011) 23221284

आर्थिक सर्वेक्षण 2020–2021

बृंदा करात

vkfFkd lo{k.k] ftl i<u l yxrk g ml ekn ljdkj d ,d jktuhfrd cpko d fy, r;kj fd;k x;k g] mu djkMk etnjk vkj lhekr fdlkuk dk dkb Hkjklk ugh nrk tk egkekjh l t> jg g A

सर्वेक्षण में, सरकार द्वारा महामारी से निबटने को दरअसल एक 'दयालुता' के रुप में बताया गया है। करोड़ों प्रवासी मजदूरों के जान पर बन आने के अनुभवों को, जिनमें से सैकड़ों का रोजगार छिन गया था, जो अचानक थोप दिये गये लॉकडाउन लगाने के चलते फंस गये थे, सर्वे में कहीं दर्ज नहीं किया गया है। इससे साफ होता है कि सरकार के दावों और वास्तविकता के बीच की खाई को सर्वेक्षण के द्वारा नहीं पाटा जा सकेगा।

ज़रा अंग्रेजी के वी–अक्षर की आकृति वाली रिकवरी के बारे में उठाये जा रहे शोर को देखिये। वित्तीय वर्ष 2021 में ए (–) 7.7 प्रतिशत के संकुचन के बाद वित्तीय वर्ष 2022 में 11 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान 'आजादी के बाद सर्वाधिक' मान लें कि अनुमान सटीक निकलते हैं तो भी इसका वास्तविक अर्थ होता है दो वित्त वर्शों में कुल मिलाकर 2.45 प्रतिशत की वृद्धि।

असमानताओं में वृद्धि

यही नहीं, बिना यह जाँचे कि वृद्धि का रास्ता क्या है वृद्धि को ही अर्थव्यवस्था की तमाम बिमारियों के लिए रामबाण मान लिया जाता है। सर्वेक्षण कहता है कि 'आर्थिक वृद्धि का असमानता के मुकाबले गरीबी उन्मूलन पर ज्यादा बड़ा प्रभाव पड़ता है – एक विकासशील देश में पुर्नवितरण तभी संभव है जब आर्थिक कचौड़ी का आधार बढ़ेगा।' यह बिल्कुल अपने हित साधन के लिए दी गई दलील है जिसे मजदूरों व किसानों की सबसे बड़ी लामबंदी ने 'कॉरपोरेट हितैषी' की संज्ञा दी है।

भारत में असमानताओं का असर घिनौना है। आक्सफेम की हालिया रपट के अनुसार 'जनवरी में सबसे धनी 1 प्रतिशत के पास देश की सबसे नीचे की 70 प्रतिशत आबादी यानी 95 करोड़ तीस लाख लोगों के बराबर की दौलत है' जबकि भारतीय अरबपतियों की कुल दौलत एक वर्ष के बजट से अधिक है। कॉरपोरेटों को दिये ऋणों को उदारता से माफ कर देने, उन्हें भारी भरकम सब्सिडी देने तथा कई तरह की छूटों के माध्यम से प्रभावी टैक्स दरों को कम कर देने, विशेषकर पेट्रोलियम उत्पादों व ऊर्जा क्षेत्र जिनमें प्रभावी टैक्स दर मात्र 20–21 प्रतिशत है, कि नीतियों के चलते कुछ लोगों के हाथों में इतनी दौलत के होने में कुछ अप्राकृतिक नहीं है।

यह प्रचारित करना कि असमानता पर प्रहार से गरीबी उन्मूलन में मदद नहीं मिलेगी, सुपर अमीरों पर टैक्स न लगाने की आड़ है, जिनके मुनाफे इस महामारी के दौर में भी कई सैक्टरों में बढ़े है। इसके बजाय, सर्वेक्षण यह साफ करता है कि सरकार 'आर्थिक कचौड़ी को बड़ा करने' के नाम पर उन नीतियों को जारी रखेगी जो वास्तव में असफलता व साख गंवा चुके ट्रिकल डाउन यानी सरकार की नीतियों के कारण अमीर और अमीर होता है तों इसमें से रिसकर नीचे तक भी पंहुचने के सिद्धांतो के आधार पर कॉरपोरेट के हितों को आगे बढाती है।

ऊँची बेरोजगारी दर

बेरोजगारी की ऊँची दर, सर्वेक्षण में एकबार पुनः दोहराये गये जनसंख्या लाभांश के शब्दजाल को तार–तार करती है। जैसा कि ज्ञात है, परन्तु सर्वेक्षण में स्वीकार नहीं किया गया है, कि महामारी आने के समय ही भारत मंदी की गिरफ्त में था। इस दौर में सीएमआइई द्वारा, भारी पैमाने पर हुई रोजगार व अजीविका की हानि को बखूबी दर्ज किया गया था। इसकी ताजा रिपोर्ट बताती है कि नवम्बर 2020 से दिसम्बर 2020 के बीच रोजगार छिन जाने के चलते बेरोजगारों की संख्या में एक करोड़ की वृद्धि हुई है। यह लॉकडाउन से पहले से अधिक है। सीएमआइई के अनुसार, दिसम्बर 2020 में 42.7 करोड़ लोग रोजगार की तलाश में थे। क्या आर्थिक सर्वेक्षण में की गई वृद्धि प्रक्रिया की भविष्यवाणी से स्वतः ही रोजगार बढ़ जायेगा?

विनिर्माण क्षेत्र के लिए उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि श्रम प्रधान उद्योगों की हालत ठीक नहीं हैं। लेकिन विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन ने सर्वेक्षण की सिफारिशों में कोई ध्यान नहीं दिया है। टेक कम्पनियों, डिजिटल इंडिया और मुख्य रूप से

पूँजी–सघन उद्योगों पर जोर दिया जा रहा है, जो विकास में इजाफा कर सकते हैं, लेकिन यह सबसे अच्छा नौकरी का कम विकास, नहीं तो नौकरियो के नुकसान का विकास होगा।

क्या नौकरियों की गारंटी के बिना गरीबी उन्मूलन हो सकता है? नौकरियों के अभाव में, क्या सरकार दुनिया भर के कई देशों द्वारा अपनाए गए सामाजिक सुरक्षा ढाँचे के हिस्से के रूप में किसी भी बेरोजगारी भत्ते की गारंटी देगी? सर्वेक्षण द्वारा दिए गए नुस्खे बेरोजगारी के इस केंद्रीय मुद्दे को संबोधित नहीं करते हैं।

कृषि कानूनों की तरफदारी

तीनों कृषि कानूनों की एकमुश्त तरफदारी की जा रही है। हालांकि यह उम्मीद की जा रही थी, सर्वेक्षण ने यह किया है कि किसानों की गतिविधियों द्वारा खाद्य सुरक्षा के संबंध में उठाए जा रही चिंताओं को जोड़ा है। सर्वे में इस बात पर जोर दिया गया है कि खाद्य सब्सिडी कैसे कम की जाए। एमएसपी की मौजूदा नीतियां, खुली खरीद की गारंटी से बढ़ते सरप्लस शेयरों, पीडीएस खाद्यान्न की कमी, निश्चित कीमतों पर आपूर्ति करना अस्थिर है यह सुनिश्चित करने के लिए यह कृषि सुधारों पर सरकार की विभिन्न रिपोर्टों को रेखांकित करता है।

अधिनियम के तहत खाद्यान्नों के केंद्रीय निर्गम मूल्य को बढ़ाने के लिए आर्थिक सर्वेक्षण में खाद्य सुरक्षा प्रस्ताव है। जैसा कि यह है, आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं।

मूल्य वृद्धि, खरीद में प्रस्तावित कटौती और एमएसपी खत्म करना

पेट्रोल और डीजल पर बढ़े हुए उपकर के माध्यम से सरकारी राजस्व 3.3 लाख करोड़ रुपये है, जो कि 2014–2015 की तुलना 94 प्रतिशत की वृद्धि है। आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर पेट्रोल और डीजल में लगातार बढ़ोतरी का व्यापक असर पड़ा है इसे सर्वेक्षण में पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। वर्तमान में, सरकारी गोदामों में 5 मिलियन टन से अधिक खाद्यान्न हैं, जो बफर स्टॉक के मानदंडों से ऊपर है।

वैश्विक भुखमरी सूचकांक में सबसे निचले स्थान वाले देश में, यह प्रणाली को सार्वभौमिक बनाने और प्रति परिवार न्यूनतम 35 किलोग्राम तक वर्तमान आवंटन बढ़ाने के लिए नैतिक और साथ ही आर्थिक समझ भी बनाता है। खाद्यान्नों की वर्तमान नियंत्रित कीमतें एक किलो चावल के लिए 3 रु और गेहूँ के लिए रु 2 ग्रामीण भारत के करोड़ों परिवारों को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करती हैं, जो अपनी आय का आधा हिस्सा खाद्य पदार्थों पर ही खर्च करते हैं।

एक ऐसे देश में, जिसमें दुनिया में सबसे अधिक कुपोषित लोगों की संख्या होने की संभावना है, कीमतें बढ़ाने की कोई भी योजना गरीब और खाद्य–असुरक्षित परिवारों के जीवन को गंभीर रुप से प्रभावित करेगी।

खाद्य सब्सिडी में कटौती पर जोर का खरीद और एमएसपी के मुद्दे पर भी सीधा प्रभाव पड़ता है। वास्तव में, सर्वेक्षण में उद्धृत सभी 'सुधार' रिपोर्टों ने खरीद में कटौती करने और एमएसपी खत्म करने की सिफारिश की है। अब तक सर्वेक्षण के नीतिगत नुस्खे सरकार की सोच को दर्शाते हैं, यह केवल किसानों की आशंकाओं की पुष्टि करता है।

निजीकरण मुहिम

सर्वेक्षण 'रणनीतिक उद्योगों' को छोड़कर सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण का तर्क देता है। यह 'व्यापार में आसानी' बढ़ाने की दिषा में सुधार उपायों का दावा करता है। यह विडंबना है कि यह एकमात्र क्षेत्र है जहाँ भारत ने अपनी वैश्विक रैंकिंग में सुधार किया है, जबकि भूख, लैंगिक असमानता, लोकतंत्र, प्रेस आजादी से सम्बन्धित सूचकांकों में इसका स्थान काफी निराशाजनक है।

ये कौन से 'रणनीतिक उद्योग हैं?' प्रतिरक्षा से लेकर अंतरिक्ष अन्वेषण तक, दूरसंचार, बिजली और खनन, बैंक और बीमा, सब कुछ निजी क्षेत्र के लिए खोल दिया गया है। तो रणनीतिक क्या है?

यह दिलचस्प है कि जिस दिन आर्थिक सर्वेक्षण जारी किया गया था, उसी दिन बीजेपी सांसद मीनाक्षी लेखी की अध्यक्षता वाली सार्वजनिक उपक्रमों की संसदीय स्थायी समिति ने 'रणनीतिक उद्योगों' का यह सवाल उठाया था और प्रेस रिपोर्टों के अनुसार, दवा उद्योगों को 'रणनीतिक' के रूप में शामिल करने की बात की है और 'राष्ट्रीय एयरलाइन' के निजीकरण के बारे में सवाल उठाए।

सर्वेक्षण ने घोषणा की है कि रेलवे के निजीकरण की परियोजना 30,000 करोड़ रुपये के निजी क्षेत्र से अपेक्षित निवेश के साथ आगे बढ़ी है। निजी ट्रेनों को 2023–24 में पेश किए जाने की संभावना है। जल्द ही, भारत में 150 जोड़ी निजी ट्रेनें चलेंगी और निजी संस्थाओं को 'अपने यात्रियों से लिये जाने वाला किराया तय करने की स्वतंत्रता होगी।'

तो करोड़ों भारतीयों के लिए एक आवश्यक जीवनरेखा निजी संस्थाओं को सौंपी जाएगी, जिन्हें किराए तय करने की पूरी स्वतंत्रता होगी। यह ऐसी नीतियां हैं जो असमानता का कारण बनती हैं और गरीबी उन्मूलन को एक धोखा बनाती हैं।

यह पाते हुए कि उनके स्व–लगाए गए राजकोषीय घाटे के मानदंडों को पूरा करने का कोई तरीका नहीं था, राजस्व सृजन के अपने अनुमानों को देखते हुए, सर्वेक्षण ने एक यू–टर्न लिया और कहा है कि 'सर्वेक्षण का प्रयास सरकार को ऋण और राजकोशीय व्यय में वृद्धि मंदी और आर्थिक संकट के दौरान अधिक सुकून देने के लिए बौद्धिक लंगर प्रदान करना है। '

प्रोत्साहन पेकेज

यहाँ संकट का अप्रत्यक्ष प्रवेश है। लेकिन यह याद रखना उपयोगी है कि जब जनता को सहायता की आवश्यकता थी, तो सरकार ने एक मामूली प्रोत्साहन पैकेज प्रदान किया, जो कि जीडीपी के 2 प्रतिशत से भी कम था, और जनता को नकद सहायता प्रदान करने से इनकार कर दिया। यहाँ तक कि, अब केंद्र सरकार विभिन्न तरीकों से वित्तीय आवंटन में कटौती करके राज्यों को दंडित कर रही है यदि वे 'अनुमान से अधिक खर्च' करते हैं।

दुनिया भर में, यहां तक कि हमारी सरकार की तरह की नीतियों के लिए प्रतिबद्ध सरकारों ने भी घरेलू माँग को मजबूत करने और अपनी अर्थव्यवस्थाओं को पुनर्जीवित करने के लिए नकद सहायता और रोजगार सृजन कार्यक्रमों के माध्यम से पैसा खर्च किया है। आर्थिक सुधार के लिए जनता की क्रय शक्ति बढ़ाना महत्वपूर्ण है। लेकिन अपने पहले की स्थिति से हटते हुए भी, सर्वेक्षण यह स्पष्ट करता है कि यह केवल ''निजी निवेश में भीड़ की मदद'' है और किसी भी प्रत्यक्ष तरीके से जनता की क्रय शक्ति को बढ़ाने में मदद करने के लिए नहीं है।

आर्थिक संकट से निपटने के लिए आर्थिक सर्वेक्षण के नुस्खे भारत की जनात की मदद नहीं करेंगे। सर्वेक्षण के दो–खंडों का प्रत्येक अध्याय कुछ प्रसिद्ध कहावत से शुरू होता है। यह अब्राहम लिंकन की एक कहावत के साथ समाप्त होना चाहिए

किसानों के संघर्ष के साथ मजदूरों की संयुक्त एकजुटता

केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच और संयुक्त किसान मोर्चा की 22 जनवरी को हुई साझा बैठक में किसानों और उनके संगठनों को उनकी उचित माँगों पर उनके संघर्षों के लिए बधाई दी और विरोध प्रदर्शन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले किसानों को श्रद्धांजलि दी।

बैठक में सरकार के मिथ्यारोपण अभियान, जिसमें किसानों को खालिस्तानियों, आतंकवादियों आदि के रूप में दिखाया गया और जिसके लिए कॉरपोरेट नियंत्रित 'गोदी' मीडिया और उसकी ट्रोल सेना का उपयोग किया गया; के बीच में किसानों के संगठनों की दृढ़ एकता और संकल्प की सराहना की गई। उसी के तहत एनआईए, ईडी, आयकर विभाग का उपयोग और आंदोलन एवं निर्दोष किसानों के नेतृत्व को धमकाने–डराने के लिए आपराधिक मामलों को लागू करना शामिल है।

बैठक में जनता के सभी तबकों, विशेष रूप से मजदूरों और ट्रेड यूनियनों द्वारा व्यक्त सक्रिय समर्थन और एकजुटता की सराहना की गई, जो देश भर में एकजुटता की कार्रवाहियों में आगे रहे हैं।

बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि तीन कृषि कानूनों, चार श्रम संहिताओं, राश्ट्रीय सम्पत्तियों की बिक्री और निजीकरण और कॉरपोरेट द्वारा लूट के खिलाफ मजदूर वर्ग और किसानों की बढ़ती एकता, जो लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा में ऐतिहासिक और पूरे देश के हित में है। मजदूरों और किसानों की एकता को और मजबूत करने और उनके संघर्षों को तेज करने का निर्णय लिया गया। भविष्य में एनडीए सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संयुक्त संघर्ष की संभावनाओं का पता लगाने का भी निर्णय लिया गया।

गिरते सामाजिक संकेतक

त्रिनाथ डोरा

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस)–5 के आँकड़ों से यह स्पष्ट है कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान आर्थिक मंदी और वेतनों में ठहराव ने जनता की गुणवत्ता पोषण तक पहुँचने की क्षमता को प्रभावित किया है।

एनएफएचएस–5 के आँकड़े कोविड–19 संकट से पहले की स्थिति से सम्बन्धित हैं। एक साल बाद संभावना है कि यह और भी खराब हो गये हों। यह एनएसओ (2017–18) के उपभोग व्यय सर्वेक्षण के लीक हुए परिणामों में भी परिलक्षित हुआ था। वैश्विक भुखमरी सूचकांक रिपोर्ट ने 107 देशों की सूची में भारत को हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान (88वें) और बांग्लादेश (75वें) से नीचे 94वें स्थान पर रखा। 30वीं वार्षिक मानव विकास रिपोर्ट में भारत 189 देशों में से 131वें स्थान पर है।

पोषण का अभाव, बढ़ती भूख

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण–5 (एनएफएचएस–5) के आंकड़े कोविड–19 से ठीक पहले की स्थिति से सम्बन्धित है। एक साल बाद संभावना है कि बाल पोषण खराब स्थिति में हो। स्कूलों और आँगनवाड़ियों में मिड डे मील लॉकडाउन के चलते बंद कर दिया गया। बच्चों के टीकाकरण सहित नियमित स्वास्थ्य सेवाओं को बड़े पैमाने पर व्यवधान का सामना करना पड़ा है जो कि आधिकारिक स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली से स्पष्ट है। वास्तव में, कई घरेलू सर्वेक्षण भारत भर में 2020 के दौरान गम्भीर खाद्य असुरक्षा की ओर इशारा करते हैं। हंगर वॉच के हाल ही के सर्वेक्षण में, दो–तिहाई उत्तर दाताओं ने कहा कि वे लॉकडाउन से पहले के मुकाबले आज कम पौष्टिक भोजन ले पा रहे हैं।

प्रधान मंत्री ने *'कुपोषण मुक्त भारत'* को प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ 2018 में *पोषण अभियान* या राष्ट्रीय पोषण मिशन का प्रमुख कार्यक्रम शुरू किया। हालांकि एक उचित मूल्यांकन के लिए अधिक आंकड़ों की आवश्यकता होगी, यह साफ है कि पोषण अभियान, पोषण को सम्बोधित करने में केवल जमीन छूने भर में ही कामयाब रहा है जबकि अधिकांश ढ़ाँचागत मुद्दों को नजरअंदाज किया गया हैं। उदाहरण के लिए, एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस), जो कि मुख्य मंच है जिसके माध्यम से पोषण से निपटा जाता है, इसका विस्तार नहीं देखा गया है। इसके अलावा, आईसीडीएस में 30 प्रतिशत से अधिक पर्यवेक्षी पद खाली हैं। आईसीडीएस और अन्य पोषण योजनाओं के लिए बजटीय आवंटन अपर्याप्त ही हैं।

अक्टूबर 2020 में जारी वैश्विक भुखमरी सूचकांक रिपोर्ट ने भारत को 107 देषों की सूची में 94 वें स्थान पर रखते हुए 27.2 का जीएचआई दिया है। इस साल भारत की रैंक पाकिस्तान (88वें) और बांग्लादेष (75वें) से नीचे है। शायद, अधिक चिंता की बात यह है कि जीएचआई गणना ने भूख और कुपोषण पर कोविड–19 के प्रभाव की गणना नहीं की है। यदि भारत की स्थिति पहले से ही 'गंभीर' है, जैसा कि रिपोर्ट के लेखकों ने लिखा है, इसपर विचार किए बिना, जमीनी स्तर पर वास्तविक स्थिति गंभीर हो सकती है। बिना किसी तैयारी के लॉकडाउन का प्रभाव विनाशकारी था। देश की जीडीपी अप्रैल–जून तिमाही में 23.9 प्रतिशत और जुलाई–सितंबर तिमाही में 7.5 प्रतिशत घट गई, जिसमें निचले स्तर के कई प्रभाव हैं, जिसमें एमएसएमई क्षेत्र का काफी कमजोर होना और संभावित दीर्घकालिक प्रभावों के साथ खाद्य असुरक्षा बढ़ना शामिल हैं।

रोजगार के अवसरों में गिरावट, बढ़ती बेरोजगारी

किसी भी आर्थिक निदान के लिए सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण उपाय नौकरी है। सभी संकेतक निराशाजनक बेरोजगारी की स्थिति की ओर इशारा करते हैं। दिसंबर 2018 में, सीएमआइई के अनुसार, नौकरीपेशा लोगों की संख्या लगभग 39.7 करोड़ थी। नवंबर 2020 में यह घटकर 39.4 करोड़ रह गयी।

अनुमान है कि हर साल लगभग 12 करोड़ लोग कामकाजी आयु की आबादी में प्रवेश करते हैं। लॉकडाउन से पहले औसत कार्य सहभागिता दर लगभग 42 प्रतिशत थी। इसका मतलब है कि हर साल लगभग 5 करोड़ लोग नौकरी चाहने वालों की कतार में शामिल होते हैं। फिर भी, दो साल में नौकरीपेशा व्यक्तियों की संख्या वही रहती हैं, जैसी कि काम में भागीदारी की दर दिसंबर 2018 में 42.5 प्रतिशत से घटकर नवंबर 2020 में लगभग 40 प्रतिशत हो गई है।

एनएसएसओ की 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, 15–59 वर्ष की आयु वर्ग में, केवल 67 प्रतिशत ग्रामीण पुरुषों, 21 प्रतिशत ग्रामीण महिलाओं, 71 प्रतिशत शहरी पुरुषों और 19 प्रतिशत शहरी महिलाओं ने लाभकारी कार्यों में भाग लिया।

पिछले 5 वर्षों के दौरान, रोजगार दर 2016–17 में 42.7 प्रतिशत से 2019–20 में गिर कर 39.4 प्रतिशत हो गयी है। आईएलओ–निर्धारित दरों के अनुसार, विश्व औसत रोजगार दर 57 प्रतिशत है और भारत में यह 47 प्रतिशत है जबकि पाकिस्तान में यह 50 प्रतिशत, बांग्लादेश में 57 प्रतिशत और श्रीलंका में 51 प्रतिशत है जो कि सभी भारत से ऊपर ही हैं।

युवा बेरोजगारी 2012 और 2018 के बीच 6 से 18 प्रतिशत तक बढ़ गई है और स्नातक बेरोजगारी लगभग 19 से 36 प्रतिशत हो गई है। वर्तमान सरकार की नौकरियों की माँग के प्रति दो प्रतिक्रिया है। सबसे पहले, इसने समस्या के अस्तित्व से इनकार किया। इसने अपने स्वयं के आंकड़ों सहित सभी उपलब्ध सबूतों को सक्रिय रूप से नकार दिया कि रोजगार का संकट था। दूसरा, प्रधान मंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने यह कहकर रुख मोड़ दिया कि हमें नौकरी देने वाले बनाने चाहिए, नौकरी चाहने वाले नहीं।

आईएलओ के आंकड़ों के अनुसार, कुल कार्यबल के प्रतिशत के रूप में सार्वजनिक क्षेत्र के मजदूरों की हिस्सेदारी के मामले में भारत सबसे खराब प्रदर्शन वाला देश है। भारत के कुल कार्यबल का केवल 3.8 प्रतिशत सार्वजनिक क्षेत्र में कार्यरत है जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में यह 15.8 प्रतिशत, यूके 21.5 प्रतिशत है; जर्मनी 12.9 प्रतिशत, फ्रांस 24.9 प्रतिशत और सिंगापुर 32 प्रतिशत है। चीन में 50 प्रतिशत सार्वजनिक क्षेत्र का कार्यबल हैं।

गिरते मानव विकास संकेतक, बढ़ती सामाजिक असमानता

यूएनडीपी की 30वीं वार्षिक मानव विकास रिपोर्ट के अनुसार, मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) में 189 देशों में से भारत 0.645 के एचडीआई मूल्य के साथ, पहले के स्थान 2019 में 129वें स्थान से गिरकर, अब 131वें स्थान पर है।

रिपोर्ट कहती है कि भारत में सबसे अमीर 1 प्रतिशत के पास 21.3 प्रतिशत और सबसे अमीर 10 प्रतिशत के पास 31.7 प्रतिशत आय है। भारत में सबसे गरीब 40 प्रतिशत की आय केवल 18.8 प्रतिशत है। जन्म के समय जीवन प्रत्याशा पुरुष के लिए 68.5 वर्ष और महिला के लिए 71 वर्ष है। लैंगिक विकास सूचकांक (जीडीआई) से पता चलता है कि भारत में स्कूली शिक्षा का औसत वर्ष महिला के लिए 5.4 वर्ष और पुरुष के लिए 8.4 वर्ष था। रिपोर्ट कहती है कि 2019 में भारत में असुरक्षित रोजगार की दर 74.3 प्रतिशत थी। असुरक्षित रोजगार का अर्थ है परिवार के अवैतनिक मजदूरों और स्वयं–खाता मजदूरों के रूप में काम कर रहे लोगों का प्रतिशत।

ऑक्सफैम की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में असमानता चौंकाने वाली और व्यापक है। भारत का सबसे अमीर 1 प्रतिशत के पास, कुल आबादी का 70 प्रतिशत अर्थात 95.3 करोड़ लोगों, से चार गुना से अधिक की संपत्ति है। 63 भारतीय अरबपतियों की संयुक्त कुल संपत्ति वित्त वर्ष 2018–19 के लिए भारत के कुल केंद्रीय बजट, जो कि रु० 24,42,200 करोड़ है, से अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, एक वर्ष में एक आईटी कंपनी के उच्च सीईओ के जितना कमाने के लिए एक महिला घरेलू कामगार को 22,277 साल लगेंगे। जितना एक घरेलू कामगार एक साल में कमाएगी, उतना एक टेक सीईओ, 106 रुपये प्रति सेकंड की कमाई वाली आमदनी के साथ, 10 मिनट में बना लेगा।

पूर्वगामी विश्लेशण यह पूरी तरह से स्पष्ट करता है कि सामाजिक संकेतकों में प्रारंभिक गिरावट को नवउदारवादी आर्थिक नीति शासन को पूरी तरह से उलटे बिना पकड़ा ही नहीं जा सकता है। इसके अलावा, कामकाजी जनता के बीच खपत शक्ति को बढ़ावा देने और अर्थव्यवस्था में माँग को पुनर्जीवित करने के इरादे से एक बड़े पैमाने पर सरकारी खर्च का कार्यक्रम ही एकमात्र तरीका है। भले ही सम्पत्ति असमानता तेजी से बढ़ रही है, लेकिन भारत में न तो कोई संपत्ति कर है और ना ही कोई विरासत कर। यहाँ तक कि 2 प्रतिशत धन कर और एक तिहाई विरासत कर, जो केवल 1 प्रतिशत आबादी पर लगाया जाता है, जिससे 14.67 लाख करोड़ रुपये या वर्तमान जीडीपी का लगभग 7 प्रतिशत प्राप्त होगा। यह भारत जैसे कल्याणकारी राज्य की संस्थाओं को वित्त देने और गिरते सामाजिक संकेतकों को पकड़ने के लिए पर्याप्त होगा।

(संपादितः त्रिनाथ डोरा पूर्वी मध्य क्षेत्र बीमा कर्मचारी एसोसिएशन के महासचिव हैं)

बिजली कर्मचारियों–इंजीनियरों की अखिल भारतीय हड़ताल

(रिपोर्ट पृ. 4)

तेलंगाना

तमिलनाडु

केरल

पश्चिम बंगाल

उत्तर प्रदेश

ओडिशा

हरियाणा

पंजाब

Posted at NDPSO New Delhi- 1 Postal Regd. No. DL(C)-01/1201/2021-23 RNI No. 34666/79: 6th-7th of every month Licensed to Post without prepayment under License No.U(C)-38/2021-23 (Date of Publication - 05/02/2021)

बेरोजगारी पर राष्ट्रीय कन्वेंशन

(रिपोर्ट पृ. 7)

तपन सेन द्वारा सेंटर ऑफ इण्डियन ट्रेड यूनियन्स के लिए मुद्रित और प्रकाशित तथा प्रोग्रैसिव प्रिंटर्स, ए–21 झिलमिल इण्डस्ट्रियल एरिया, शाहदरा, दिल्ली–95 से मुद्रित तथा बी टी रणदिवे भवन, 13–ए राउज एवेन्यू, नई दिल्ली–110002 से प्रकाशित (फोनः 23221288, 23221306; http://www.citucentre.org, CITU email: citujournals@gmail.com citubtr@gmail.com) सम्पादक : **के हेमलता**